श्री अब्दुल सत्तार कानि. 158 से कार्यालय के मालखाने में रखी फिनोंफ्थलीन पावडर की शीशी को निकलवाकर उक्त नोटों को एक अखबार के ऊपर रखकर उन पर सावधानी पूर्वक फिनोफथलीन पावडर लगवाया गया, ताकि पावडर की उपस्थिति प्रभावी किन्तु अदृश्य रहे। परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह की तलाशी स्वतंत्र गवाह श्री सुलेन्द्र कुमार सैनी से लिवाई जाकर, परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह के पास उसके पहने हुए वस्त्रों एवं मोबाईल के अलावा अन्य कोई वस्तु नहीं रहने दी गई। रिश्वत में दिये जाने वाले पाउडर लगे हुये 1,50,000/–रूपये श्री अब्दुल सत्तार कानि. 158 से सीधे ही परिवादी के पहने हुई पेन्ट की सामने की दांयी जेब मे 50,000–50,000/–रूपये की दो गड्डी एक लाख रूपये एवं बांयी जेब में 50,000/–रूपये की एक गड्डी रखवाये गये। परिवादी को हिदायत दी गई कि उक्त नोटों को रास्ते में अनावश्यक रूप से नहीं छुयें ना ही आरोपी से हाथ मिलावें। आरोपी द्वारा मांगने पर ही रिश्वत राशि देवें तथा रिश्वत राशि व स्वयं के कार्य के संबंध मे स्पष्ट वार्ता करे तथा रिश्वत देने के बाद मन् पुलिस निरीक्षक या ट्रेप पार्टी के सदस्यों की तरफ अपने सिर पर दोनो हाथ फेरकर या मन् पुलिस निरीक्षक को मोबाईल पर कॉल करके ईशारा करे। दोनो स्वतंत्र गवाहान एवं ट्रेप पार्टी के सदस्यों को भी समझाया गया कि रिश्वत के लेनदेन को यथा संभव निकट रहकर देखने व सुनने का प्रयास करें। डिजीटल वॉइस रिकार्डर मय मैमोरी कार्ड के परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह को दिया जाकर चालू व बंद करने की विधि पुनः समझायी जाकर वक्त रिश्वत के लेनदेन होने वाली वार्ता को रिकॉर्ड करने हेतु समझाईश की गई। इसके बाद एक काँच के गिलास में साफ पानी मंगवाकर उसमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पावडर डालकर घोल तैयार करवाया गया तो घोल का रंग रंगहीन रहा। उक्त रंगहीन घोल में श्री अब्दुल सत्तार कानि. 158 के फिनोल्फ्थीलीन पाउडर लगे हाथ की अंगुलियों को डुबोकर धुलवाया गया तो घोल का रंग गुलाबी हो गया। इस प्रक्रिया व दृष्टांत को गवाहान् एवम् परिवादी को समझाया गया कि यदि आरोपी इन नोंटों को अपने हाथ से ग्रहण करेगा या छुयेगा तो उसके हाथ सोडियम कार्बोनेट के घोल में धुलवाने पर घोल का रंग गुलाबी हो जायेगा। श्री अब्दुल सत्तार कानि. 158 से जिस अखबार पर रखकर रिश्वत में दी जानेवाली राशि/नोटों पर फिनोफ्थलीन पाउडर लगवाया गया था उस अखबार को जलाकर नष्ट करवाया गया व घोल को बाहर फिंकवाया गया। फिनोफ्थलीन पावडर की शीशी को श्री अब्दुल सत्तार कानि. 158 से वापस मालखाने में रखवाया गया व दृष्टांत की कार्यवाही में प्रयुक्त किया गया गिलास एवं श्री अब्दुल सत्तार कानि. के हाथ को साबुन पानी से धुलवाया गया। कार्यवाही में प्रयुक्त गिलास को कार्यालय में छोडा गया। परिवादी को छोडकर समस्त ट्रेप पार्टी मय स्वतंत्र गवाहान की आपस में जामा तलाशी लिवाई जाकर मोबाईल एवं आई डी कार्ड कुछ नहीं रहने दिया गया। स्वतंत्र गवाह एवं जाप्ते को हाथ साबुन पानी से धुलवाया गया। ट्रेप कार्यवाही में काम आने वाले गिलास एवं शीशीयों को साबुन पानी से अच्छी तरह धुलवाया गया। श्री अब्दुल सत्तार कानि. को कार्यालय में उपस्थित रहने की हिदायत की गई। फर्द पेशकशी नियमानुसार मुर्तिब की जाकर शामिल पत्रावली की गई। ट्रेप कार्यवाही से पूर्व की सम्पूर्ण कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात् समय 04.45 पी.एम. पर परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह एवं श्री बृजराज सिंह को परिवादी की गाडी से आगे–आगे रवाना कर मन् पुलिस निरीक्षक मय स्वतंत्र गवाहान श्री सुलेन्द्र कुमार सैनी वनरक्षक व श्री कमलचन्द वनरक्षक तथा ब्यूरो स्टाफ श्री बबलेश कुमार कानि. 261, श्री दिलीप सिंह वरिष्ठ सहायक मय ट्रेप बॉक्स, लेपटॉप, प्रिन्टर के प्राईवेट वाहन से एवं दूसरे प्राईवेट वाहन से श्री नरेन्द्र सिंह कानि. 305, श्री योगेन्द्र सिंह कानि.282,श्री करण सिंह वरिष्ठ सहायक के ट्रेप कार्यवाही हेतु नगर निगम कोटा के लिये रवाना होकर समय 05.00 पीएम पर नगर निगम कोटा के पास पंहुचे, जहां परिवादी को डिजीटल वाईस रिकॉर्डर मय मैमोरी कार्ड चालू करवाकर आरोपी के पास नगर निगम कार्यालय कोटा रवाना किया गया। श्री बृजराज सिंह कानि.158 एवं श्री नरेन्द्र सिंह कानि. 304 को परिवादी की निगरानी हेतु परिवादी के पीछे पैदल–पैदल रवाना किया गया। मन् पुलिस निरीक्षक मय स्वतंत्र गवाहान एवं अन्य जाप्ते के नगर निगम परिसर में आरोपी द्वारा रिश्वत प्राप्त करने के उपरातं परिवादी के पूर्व निर्धारित ईशारे की प्रतीक्षा में अपनी उपस्थिति छुपाते हुये मुकीम हुआ। समय 05.35 पी.एम.पर परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह नगर निगम की बिल्डिंग के कमरा नम्बर 218 सें दो व्यक्तियों के साथ बाहर निकला तथा बिना इशारा किये उनके साथ पैदल–पैदल चलता हुआ बिल्डिंग सें बाहर आया, परिवादी सें बात करने के बाद एक एक व्यक्ति जिसने सफेद रंग की शर्ट तथा नीले रंग की पेंट पहने हुये थी, गाडी नम्बर आर.जे. 20 टी.ए. 2951 में बैठकर रवाना हुआ तथा एक व्यक्ति वापस चला गया, इसके पश्चात परिवादी ने श्री बृजराज सिंह कानि. को फोन करके बताया कि आरोपी ने मुझसें कहा हैं कि अपनी गाडी लेकर मेरी गाडी के पीछे–पीछे आ जाओ तथा वो अपनी गाडी में बैठकर आगे चला गया है, इस पर परिवादी को उसके पीछे जाने के लिए बोला तथा मन पुलिस

निरीक्षक मय जाब्ता प्राईवेट गाडियों में बैठकर परिवादी की गाडी सें थोडी दूरी बनाकर पीछे–पीछे चलते रहे, नगर निगम की बिल्डिंग से मैने रोड पर आने पर भारत विकास परिषद अस्पताल की तरफ जाने वाले रास्ते के सामने मेन रोड पर गाडी नम्बर आर.जे. 20 टी.ए. 2951 रूकी हुई दिखाई दी जिस पर परिवादी ने अपनी गाडी उसके पास रोकी तो वह व्यक्ति गाडी नम्बर आर.जे. 20 टी.ए. 2951 सें उतरकर परिवादी की कार में पीछे की सीट पर परिवादी के साथ बैठ गया तथा फिर परिवादी की गाडी चलने लगी तथा उसके पीछे–पीछे गाडी नम्बर आर.जे. 20 टी.ए. 2951 को भी चालक उसके पीछे–पीछे चलाता रहा कुछ समय में गाडी चम्बल गार्डन की तरफ घूमने वाले रास्ते के तिराहे पर जाकर रूकी तथा परिवादी की गाडी रूकने पर उसके पीछे ही गाडी नम्बर आर.जे. 20 टी.ए. 2951 भी रूक गई। परिवादी की गाडी से वापिस वह व्यक्ति उतरा एवं गाडी नम्बर आर. जे. 20 टी.ए. 2951 में जाकर बैठ गया तथा गाडी को चालक ने इदगाह की तरफ जाने वाले रास्ते पर मोड लिया, इसी समय परिवादी ने बृजराज सिंह कानि. 159 को फोन करके बताया कि रामहंस ने मुझसें गाडी में ही रिश्वत राशि प्राप्त कर ली हैं तथा अपनी गाडी में बैठकर जा रहा है, इस पर परिवादी के बताये अनुसार मन पुलिस निरीक्षक मय जाब्ता ने दोनों प्राईवेट गाडियों सें गाडी नम्बर आर.जे. 20 टी.ए. 2951 का पीछाकर शक्ति नगर कोलोनी के अन्दर बंशीधर जी गुप्ता के मकान नम्बर 45 के सामने जाकर रोका तथा गाडी में पीछे बैठे हुये व्यक्ति सें गाडी का गेट खोलने का ईशारा किया जिस पर उसने गाडी का गेट खोला तथा गाडी सें उतरकर बाहर आया, मन् पुलिस निरीक्षक ने उक्त व्यक्ति को अपना, स्वतंत्र गवाहान एवं जाब्ते का परिचय देकर अपने आने के मंतव्य सें अवगत कराते हुये उससें नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम रामहंस पुत्र बृजमोहन जाति मीणा उम्र 35 साल निवासी– ग्राम पहाडी थाना बालघाट तहसील– टोडाभीम जिला करौली हाल सहायक अभियंता (निर्माण), कार्यालय, आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर बताया। मन् पुलिस निरीक्षक ने श्री रामहंस से परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह से ली गई रिश्वती राशि के संबंध में पूछा तो अपने पेंट की दोनों जेब की तरफ हाथ लगाकर बताया कि मेरी पेंट की जेब में रखे है। गाडी रूकवाने व पूछताछ करने के दौरान घटनास्थल पर काफी भीड हो गई थी, अतः अग्रिम कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न न हो इसलिए श्री रामहंस के दोनों हाथों को स्वतंत्र गवाहान से पकडवाकर श्री रामहंस मीणा एवं स्वतंत्र गवाहान के मय श्री दिलीप सिंह, वरिष्ठ सहायक के मन पुलिस निरीक्षक की गाडी में बैठाया तथा अन्य प्राईवेट गाडी सें जाब्ता श्री नरेन्द्र सिंह कानि. 305, श्री बृजराज सिंह कानि. 159, श्री बबलेश कानि. 261 एवं श्री योगेन्द्र सिह कानि. 282 तथा आरोपी रामहंस की गाडी के चालक के साथ के साथ श्री करण सिंह, वरिष्ट सहायक के एसीबी चौकी कोटा देहात के लिए रवाना हुआ तथा परिवादी को भी एसीबी चौकी कोटा देहात आने के लिए जरिये मोबाईल सूचित किया। समय 6.00 पी.एम. पर सभी एसीबी चौकी कोटा देहात पहुंचे, जहां पर परिवादी से डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर लेकर उसको बन्द किया तथा एसीबी चौकी कोटा देहात में अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ की गई। आरोपी रामहंस से परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह से रिश्वत राशि लेने के संबंध में पूछा तो रामहंस ने बताया कि के.पी. सिंह ने 3–4 साल पहले खेडली फाटक स्टेशन एरिया में सीवर लाईन की मैन हॉल की सर्चिंग का काम किया था, इनके नहीं आने सें बिल पास नहीं हुये। इसका 12–13 लाख रू. का बिल था। इनकी फर्म इन्टेली टैक्सट से कोई आया नहीं था इसलिए बिल पास नहीं हुये। ये दो तीन दिन पहले मेरे पास आया था इसने कहा कि बिल पास करवा दो, मैने पैसे की कोई बात नहीं की इसने पैसे मेरी गाडी के अन्दर जबरदस्ती डाल दिये थे, जेब में भी इसने जबरदस्ती डाल दिये थे ये पैसे मैने कनिष्ठ अभियंता राकेश व अधिशाषी अभियंता डी.पी. गर्ग के लिए लिये थे, के.पी. सिंह ने बोला था कि आप ही बात कर लेना कनिष्ठ अभियंता व अधिशाषी अभियंता सें, मैं उनको जानता नहीं हूं। इन दोनों से मेरी बिल के संबंध में बात हुई थी पैसों के संबंध में कोई बात नहीं हुई थी, इस पर परिवादी कृष्णपाल सिंह ने आरोपी की बात का खण्डन करते हुये कहा कि ये पूरी बात नहीं बता रहे हैं मैं हमारी फर्म द्वारा किये गये कार्य के बिलों के संबंध में इनसें पहले कई बार मिला हूं, इन्होने हर बार समय नहीं होने तथा अन्य कार्य में व्यस्तता का बहाना बनाकर मुझे बाद में आने के लिए कहा मैं अभी कुछ दिन पहले कोटा आया था तथा नगर निगम में इनसें मिला तो इन्होने मुझसें मेरे बिलो को पास करवाने के लिए 4 लाख रू. की मांग की तथा जल्दी बिल पास करने के लिए कहा तथा रूपये नहीं देने पर बिल की राशि कम करके बिल बनाने की धमकी दी। इसके बाद मैं दिनांक 10.08.2023 को एसीबी कार्यालय में गया तथा इनकी शिकायत की। एसीबी कार्यालय सें मैं मय रिकॉर्डर व एसीबी के श्री बृजराज सिंह जी के साथ नगर निगम कार्यालय गया था जंहा पर बृजराज जी तो बाहर ही रूक गये थे तथा मैं रिकॉर्डर चालु करके वंहा पहले सें मौजूद मेरी कम्पनी के इंजिनियर चन्दर को लेकर इनसें बात करने के लिए गया तो उस दिन भी मैने मेरे कार्य सें सबंधित बात की तथा इनको जल्दी बिल

बनाने के लिए कहा तो इन्होने इनकी टेबल पर रखे हुये कागज पर लिखकर 2,50,000 रू. मांगे तथा जल्दी काम करने के लिए कहा, इसके बाद मैने चन्दर को वहीं छोडा तथा बृजराज जी के साथ वापिस एसीबी कार्यालय आ गया। एसीबी कार्यालय में हमारे मध्य हुई रिकॉर्ड वार्ता को सुनकर कहा कि रिकॉर्ड वार्ता में कार्य के संबंध में बात हुई है तथा आंशिक रिश्वत मांग हुई हैं, इस पर मैने कहा कि मैं उनसें फिर से रिश्वत मांग के संबंध में स्पष्ट बात करूंगा। इसके बाद मैं दिनांक 11.08.2023 को पुनः इनसें मिला तो इन्होने मेरे कार्य सें संबंधित बात की तथा जब मैने रिश्वत की राशि के संबंध में बात की तो इन्होने इशारे से मुझे बोलने के लिए मना किया तथा मुझे बुधवार के बाद आने के लिए कहा, जिस पर मैं आज इनसें दिन में मिला तो इन्होने मुझसें कनिष्ठ अभियंता, अधिशाषी अभियंता एवं स्वंय के लिए लिये जाने वाली रकम जोडकर टेबल पर रखी हुई नगर निगम कोटा की नोट पेड डायरी में अंग्रेजी में Jen, Aen लिखकर उनके आगे 0.50–0.50 तथा फिर 2.00 डायरी में लिखकर बताया तथा इसी डायरी में फिर सें 0.50 लिखकर कहा कि ये बाद में, जब मैने अपनी मजबूरी बताते हुये एक लाख रू. के लिए इनसें कहा कि एक अभी कर देता हूं मैं, तो इन्होने अपनी डायरी में तीन लोगों के लिए 1.50 लिखकर बताया तथा अभी देने के लिये कहा तथा इस पर मैने पूछा कि 50 हजार जेईएन तो इन्होने कहा हां 50 हजार एक्सईएन तो इन्होने कहा हां तथा 0.50 बाद में देने के लिए कहा, जिस पर मैने इनको कहा कि ठीक हैं में 1.50.000 रू. तो अभी होटल सें लेकर आता हूं, इस पर ये सहमत हो गये, इसके बाद मै वापिस आपके एसीबी कार्यालय गया तथा इनको रिश्वत में दी जाने वाली राशि आपको सुपुर्द की थी जिस पर आपने फिनोफ्थलीन पाउडर लगाया तथा उन नोटों को लेकर मैं इनके कार्यालय में गया तथा इनसें मेरे कार्य के संबंध में बात की तथा फिर इन्होने पैसों के संबंध में इशारे सें पूछा तो मैने कहा कि कहा की यंही करूं कहीं चलना कुछ कर दें यंही कर दें तो इन्होने कहा कि तो चले कहीं तथा फिर ये मुझे साथ में लेकर इनके ऑफीस सें नीचे आ गये तथा इन्होने मुझसें पूछा कि कंहा हैं आपकी तो मैने कहा कि ये रही पोकेट में तो इन्होने कहा कि टैक्सी–टैक्सी तो मैने कहा कि यंही बाहर ही खडी होगी तो इन्होने कहा कि चलो आप तो मैं आ रहा हूं इसके बाद ये अपनी गाडी सें रवाना हुये तथा मै भी अपनी गाडी सें रवाना हुआ तो ये मुझे मेन रोड पर मिले जिस पर मैने इनकी गाडी के पास अपनी गाडी रूकवाई तो ये इनकी गाडी में सें उतरकर मेरी गाडी में आकर बैठ गये तथा फिर मेरे ड्राईवर को कहा कि चम्बल गार्डन के वंहा ले इसके बाद मैने इनको कहा कि मेरी ट्रेन हैं अभी 5.55 पर इस पर इन्होने कहा अभी तो 5.40 हो गये फिर इन्होने मेरे ड्राईवर को गाडी रोकने के लिए कहा तथा मुझसें रिश्वत राशि 1,50,000 रू. अपने हाथों सें लेकर अपनी दोनों जेब में रखकर मेरी गाडी सें उतर गये तथा इनकी गाडी में बैठकर रवाना हो गये। इस पर मैने बृजराज जी को फोन पर बताया था कि वो पैसे लेकर उनकी गाडी सें रवाना हो गये है। ये झूंठ बोल रहे हैं कि मैने जबरदस्ती इनकी गाडी में रूपये डाले या जबदस्ती इनकी जेब में रूपये रखे।

परिवादी ने अपने कथनों में एक डायरी का कथन किया हैं जिस पर आरोपी ने अपने हाथ सें लिखकर रिश्वत राशि बताई है, अतः उक्त डायरी को परिवादी की निशांदेही पर प्राप्त करने हेतु श्री दिलीप सिंह वरिष्ठ सहायक व श्री बृजराज सिंह को परिवादी के हमराह आरोपी के कार्यालय के लिए रवाना किया, जो कुछ समय में मय डायरी के वापिस आये तथा परिवादी ने डायरी को खोलकर एक कागज पर आरोपी द्वारा लिखी हुई रिश्वती राशि बताई, जिससे परिवादी के कथन आरोपी द्वारा डायरी में लिखने की बात की पुष्टि हुई, डायरी का अवलोकन किया तो डायरी के प्रत्येक पृष्ठ पर नगर निगम कोटा (राज.) प्रिन्ट हो रखा हैं उक्त डायरी एक सफेद रंग के कागजों की हैं, जिसके आगे के कृछ पृष्ठ नहीं हैं, उक्त डायरी में भरे हुये पेजों की नम्बरिंग की गई जो 1 सें 22 तक हैं तथा अन्य खाली हैं, उक्त 1 सें 22 नम्बर तक के पेज में 18 नम्बर के पेज पर आरोपी द्वारा लिखी गई रिश्वती राशि हैं। अतः उक्त पृष्ट पर संबंधितों के हस्ताक्षर करवाकर कर डायरी को वजह सबूत कब्जा एसीबी लिया गया।

तत्पश्चात मन पुलिस निरीक्षक ने डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर को लेपटोप सें कनेक्ट कर सुना गया तो परिवादी द्वारा कहे गये कथनों की पुष्टि हुई। तत्पश्चात श्री रामहंस के पहने हुये कपडों की तलाशी स्वतंत्र गवाह श्री सुलेन्द्र सें लिवाई गई तो उसकी पहनी हुई पेंट की सामने की बायीं जेब में पांच–पांच सौ रूपये के दो बण्डल रखे हुये मिले, उक्त नोटों को स्वतंत्र गवाह सें गिनवाया गया तो भारतीय मुद्रा के पांच–पांच सौ रूपये के दौ सौ नोट कुल 1,00,000 रूपये है तथा पेंट की सामने की दायीं जेब में पांच–पांच सौ रूपये का एक बण्डल रखा हुआ मिला, उक्त नोटों को स्वतंत्र गवाह सें गिनवाया गया तो भारतीय मुद्रा के पांच–पांच सौ रूपये के सौ नोट कुल

50,000 रूपये है, उक्त नोटों के नम्बरों का मिलान स्वतंत्र गवाहान द्वारा फर्द पेशकशी व दृष्टान्त में अंकित नम्बरों से करवाया गया, तो हूबहू मिलान हुआ।

उक्त नोटों को बतौर वजह सबूत जब्त कर कब्जे एसीबी लिया तथा नोटों को कागज के एक पीले लिफाफे में रखकर संबंधितों के हस्ताक्षर करवाए। आरोपी के पहने हुये कपडों की अन्य जेबों की तलाशी में पेन्ट की पीछे की जेब से 2300 रू., एक मोबाईल आई.फोन.13, एक चश्मा इत्यादि मिले जिनको स्वतंत्र गवाह सुलेन्द्र के पास सुरक्षित रखवाया गया।

आरोपी श्री रामंहस ने परिवादी से रिश्वती राशि 1,50,000 रूपये अपने हाथों से प्राप्त कर अपनी पहनी हुई पेंट की जेबों में रखे हैं, अतः आरोपी श्री रामहंस की हाथ धुलाई की कार्यवाही प्रारम्भ की। कार्यालय में रखे पानी की बोतल सें पानी मंगवाया जाकर दो कांच के गिलासों में पानी डलवाकर गिलासों में एक–एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पावडर डलवाया जाकर घोल तैयार करवाया गया तथा हाजरीन को दिखाया तो सभी ने घोल के रंग को रंगहीन होना बताया। आरोपी रामहंस के दाहिने हाथ की अंगुलियों व अंगुठे को एक गिलास के घोल में धुलवाया गया, तो धोवन का रंग हल्का गुलाबी आया जिन्हे दो कांच की शीशियों में आधा–आधा भरवाया जाकर सील चिट कर मार्क RH-1, RH-2 अंकित किया। इसके पश्चात आरोपी के बायें हाथ की अंगुलियों व अंगुठे को दूसरे गिलास के घोल में धुलवाया गया तो धोवन का रंग हल्का गुलाबी आया जिन्हे दो कांच की शीशियों में आधा–आधा भरवाया जाकर सील चिट कर मार्क LH–1, LH–2 से अंकित किया।

आरोपी श्री रामंहस ने परिवादी सें रिश्वती राशि 1,50,000 रूपये प्राप्त कर अपनी पहनी हुई पेंट की जेबों में रखे हैं, अतः पेंट की जेबों का धोवन लेने के लिए दो कांच के साफ गिलास में पानी डालकर एक–एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पावडर डालकर घोल तैयार किया तथा हाजरीन को दिखाया तो सभी ने घोल के रंग को रंगहीन होना बताया। श्री रामहसं से उसकी पहनी हुई पेंट उतरवाकर दूसरा पेंट पहनने को दिया गया तथा पेंट के रिश्वत राशि बरामदगी स्थल पेंट की बांयी जेब को उलटवाकर कांच के गिलास में बने घोल में धोया तो धोवन का रंग गुलाबी हो गया, धोवन को दो कांच की साफ शीशियों में आधा–आधा भरवाया जाकर सील चिट करा मार्क PL–1 व PL–2 तथा दांयी जेब को उलटवाकर कांच के गिलास में बने घोल में धोया तो धोवन का रंग गुलाबी हो गया, धोवन को दो कांच की साफ शीशियों में आधा–आधा भरवाया जाकर सील चिट करा मार्क PR–1 व PR–2 अंकित किया। पेंट की जेबों को सुखाकर एक कपडे की थैली में सील्ड मोहर कर थैली पर मार्क P अंकित कर कब्जा एसीबी लिया गया, तत्पश्चात आरोपी सें परिवादी के कार्य सें सबंधित पत्रावली के संबंध में पूछा तो बताया कि इनके कार्य की पत्रावली व दस्तावेज मेरे कार्यालय में ही है। इस पर परिवादी के कार्य सें संबंधित पत्रावली व दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति भिजवाने हेतु पृथक सें आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर कोटा को पत्र प्रेषित किया जावेगा।

तत्पश्चात आरोपी रामहंस की गाडी के चालक को बुलाकर उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम दीपक शर्मा पुत्र श्री रामस्वरूप जी शर्मा जाति ब्राहमण उम्र 40 साल निवासी मकान. नं. 1478 सुभाष कोलोनी, किशोरपुरा, कोटा मोबाईल नम्बर– 6350088566 हाल कार चालक आर.जे. 20 टीए 2951 स्विफ्ट डिजायर बताया तथा गाडी निगम में किराये सें लगना बताया। चालक सें आरोपी व परिवादी के संबंध में पूछा तो बताया कि रामहंस जी अपने ऑफिस सें निकलकर मेरी गाडी में आकर बैठ गये थे तथा गाडी लेकर चलने के लिए कहा जिस पर मैने गाडी स्टार्ट की तथा चलने लगा तो सीएडी सें चम्बल गार्डन वाले मेन रोड पर इन्होने गाडी को रोकने के लिए कहा जिस पर मैने गाडी को रोक दी, कुछ समय में हमारी गाडी के पास एक टैक्सी नम्बर की वैगन आर, कार आकर रूकी जिस पर रामहंस जी मेरी गाडी सें उतरकर उसमें जाकर बैठ गये तथा मुझे पीछे आने के लिए बोला मैं भी उस गाडी के पीछे–पीछे चलता रहा वो गाडी कुछ समय बाद सीएडी रोड सें चम्बल गार्डन की तरफ जाने वाले रास्ते के तिराहे पर जाकर रूकी तो मैने भी गाडी वंहा रोक दी, गाडी रोकने के कुछ समय में ही रामहंस जी उस गाडी में सें उतरकर आये तथा मेरी गाडी में बैठ गये, इस पर मै गाडी को लेकर रामहसं जी के बताये अनुसार शक्ति नगर कोलोनी में लेकर गया तथा वंहा पर आपने गाडी को रोककर इनको आपके साथ बैठा लिया तथा मुझे गाडी लेकर यंहा पर आने के लिए बोला, इससें ज्यादा मुझे कुछ भी पता नहीं है।

उपरोक्त सम्पूर्ण कार्यवाही सें पाया गया हैं कि परिवादी श्री कृष्णपाल सिह की फर्म इन्टेलीटेक्सट सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड नई दिल्ली द्वारा नगर निगम कोटा के स्टेशन क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सीवरेज मैन हाल को जीपीआर मैथड से सर्च करने का काम करके बिल आरोपी रामहंस, सहायक अभियंता के पास पेश किये तो काम में कमियां बताकर रिश्वत लेने की मंशा सें तीन वर्ष तक बिल पास नहीं किये तथा परिवादी द्वारा कुछ समय पहले रामहंस के कार्यालय में

जाकर मिलने पर बिल पास करने की एवज में 4 लाख रू. की मांग करने तथा दौराने मांग सत्यापन में रिश्वत राशि लिखकर बताने तथा 1,50,000 रू. अभी देने तथा 50,000/–रूपये काम होने तथा 50,000/–रूपये बिल पास होने पर देने पर सहमत होने तथा 50–50 हजार रू. जेईएन. एवं एक्सईएन में वितरण के लिए हां करने तथा दौराने वक्त रिश्वत लेनदेन 1,50,000 रू. परिवादी सें प्राप्त कर अपनी पेंट की जेबों में रखने तथा रिश्वती राशि आरोपी की पेंट की दोनों जेबों सें बरामद होने तथा आरोपी के दोनों हाथो का धोवन हल्का गुलाबी आने, पेंट के अन्दर की जेबों का धोवन का रंग गुलाबी आने तथा आरोपी द्वारा रिश्वत राशि प्राप्त करने की स्वीकारोक्ति करने इत्यादी से आरोपी श्री रामहंस पुत्र बृजमोहन जाति मीणा उम्र 35 साल निवासी– ग्राम पहाडी थाना बालघाट तहसील– टोडाभीम जिला करौली हाल सहायक अभियंता, निर्माण, कार्यालय, आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर का उक्त कृत्य धारा 7, भ्रष्टाचार निवारण (संशोधित) अधिनियम 2018 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होना पाया गया है। मन् पुलिस निरीक्षक मय स्वतंत्र गवाहान श्री सुलेन्द्र कुमार सैनी वनरक्षक व श्री कमलचन्द वनरक्षक तथा ब्यूरो स्टाफ मय आरोपी श्री रामहंस मीणा सहायक अभियंता मय परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह मय जप्तशुदा आर्टिकल्स शील्डशुदा 8 धोवन की शीशीयों, एक पेन्ट का पैकिट,एक नगर निगम कोटा की डायरी, मय बरामद शुदा रिश्वत राशि मय ट्रेप बॉक्स, लेपटॉप, प्रिन्टर के दोनों प्राईवेट वाहन से भ्रनिब्यूरो कार्यालय कोटा के लिये रवाना होकर समय 08.15 पी.एम. भ्रनिब्यूरो कार्यालय कोटा उपस्थित आया। समय 08:20 पीएम पर मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह व दोनों स्वतंत्र गवाहान श्री सुलेन्द्र कुमार व श्री कमलचन्द की मौजूदगी में दिनांक 10.08.2023 को वक्त रिश्वत रिश्वत मांग सत्यापन हुई वार्ता, जिसे परिवादी ने डिजिटल वाईस रिकॉर्डर मय मैमोरी कार्ड में रिकॉर्ड की थी को श्री बृजराज सिंह कानि. 159 को निर्देश देकर डिजिटल वाईस रिकॉर्डर मय मैमोरी कार्ड से उक्त वार्ता को कार्यालय के लेपटोप में लिवाकर दोनों स्वतंत्र गवाहान व परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह को लेपटोप का स्पीकर ऑन कर सुनाया गया, उक्त वार्ता में आवाज की पहचान कर परिवादी श्री कृष्णपाल ने एक आवाज स्वयं की तथा दूसरी आवाज आरोपी श्री रामहंस मीणा सहायक अभियंता की तथा अन्य आवाज अपने इंजीनियर श्री चन्द्र प्रकाश की होना पहचान कर बताया। वार्ता को सुनकर हूबहू लेपटोप पर श्री बृजराज सिंह कानि. 159 से द्वारा नियमानुसार फर्द ट्रांसक्रिप्ट वक्त रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता तैयार करवाई जाकर शामिल पत्रावली की गई। दिनांक 19.08.2023 को समय 12:30 ए.एम. पर मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह व दोनों स्वतंत्र गवाहान श्री सुलेन्द्र सिंह व श्री कमलचन्द की मौजूदगी में दिनांक 11.08.2023 को वक्त रिश्वत रिश्वत मांग सत्यापन हुई वार्ता, जिसे परिवादी ने डिजिटल वाईस रिकॉर्डर मय मैमोरी कार्ड में रिकॉर्ड की गयी थी को श्री बृजराज सिंह कानि. 159 को निर्देश देकर डिजिटल वाईस रिकॉर्डर मय मैमोरी कार्ड से उक्त वार्ता को कार्यालय के लेपटोप में लिवाकर दोनों स्वतंत्र गवाहान, परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह को लेपटोप के स्पीकर ऑन कर सुनाया गया, उक्त वार्ता में आवाज की पहचान कर परिवादी श्री कृष्णपाल ने एक आवाज स्वयं की तथा दूसरी आवाज आरोपी श्री रामहंस मीणा सहायक अभियंता की तथा अन्य आवाज अपने इंजीनियर श्री चन्द्र प्रकाश की होना पहचान कर बताया। वार्ता को सुन–सुन कर हूबहू लेपटोप पर श्री बृजराज सिंह कानि. 159 से नियामानुसार फर्द ट्रांसक्रिप्ट वक्त रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता तैयार करवाई जाकर शामिल पत्रावली की गई। समय 02:15 ए.एम. पर स्वतंत्र गवाहान् के समक्ष, परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह एवं आरोपी श्री रामहंस मीणा सहायक अभियंता के मध्य दिनांक 10.08.2023, 11.08.2023 एवं दिनांक 18.08.2023 को हुई रिश्वत की मांग सत्यापन वार्ता एवं दिनांक 18.08.2023 को वक्त रिश्वत लेनदेन हुई वार्ता, को परिवादी द्वारा डिजिटल वाईस रिकॉर्डर मय मैमोरी कार्ड मे रिकॉर्ड किया गया था का विधि विज्ञान राजस्थान जयपुर में आवाज मिलान करने हेतु आरोपी श्री रामहंस मीणा को अपनी आवाज का नमूना देने हेतु नोटिस दिया गया, जिस पर आरोपी ने अपने हस्तलेख में लिखकर दिया कि "मैं मेरी आवाज का नमूना नहीं देना चाहता।" नोटिस नमूना आवाज पर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाकर शामिल पत्रावली किया गया। समय 02:30 ए.एम. पर आरोपी श्री रामहंस मीणा सहायक अभियंता (निर्माण) नगर निगम कोटा (उत्तर) को जुर्म से आगाह कर जरिये फर्द गिरफ्तारी के गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा आरोपी रामहंस मीणा सहायक अभियंता को रात्रि में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस थाना नयापुरा की हवालात में दाखिल कराया गया। समय 04.20 ए.एम. मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह व दोनों स्वतंत्र गवाहान श्री सुलेन्द्र व श्री कमलचन्द की मौजूदगी में दिनांक 18.08. 2023 को वक्त रिश्वत रिश्वत मांग सत्यापन हुई वार्ता, जिसे परिवादी ने डिजिटल वाईस रिकॉर्डर मय मैमोरी कार्ड में रिकॉर्ड की गयी थी को श्री बृजराज सिंह कानि. 159 से उक्त वार्ता को कार्यालय के लेपटोप में लिवाकर दोनों स्वतंत्र गवाहान, परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह को लेपटोप का

स्पीकर ऑन कर सुनाया गया, उक्त वार्ता में आवाज की पहचान कर परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह ने एक आवाज स्वयं की तथा दूसरी आवाज आरोपी श्री रामहंस मीणा सहायक अभियंता की तथा अन्य आवाज अपने इंजीनियर श्री चन्द्र प्रकाश की होना पहचान कर बताया। वार्ता को सुनकर हूबहू लेपटोप पर टाईप कर श्री बृजराज सिंह कानि. 159 से नियामानुसार फर्द ट्रांसक्रिप्ट वक्त रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता तैयार करवाई जाकर शामिल पत्रावली की गई। समय 09.00 ए.एम. पर मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह व दोनों स्वतंत्र गवाहान श्री सुलेन्द्र सिंह व श्री कमलचन्द की मौजूदगी में दिनांक 18.08.2023 को वक्त रिश्वत रिश्वत लेन देन हुई वार्ता, जिसे परिवादी ने डिजिटल वाईस रिकॉर्डर मय मैमोरी कार्ड में रिकॉर्ड की गयी थी को श्री बृजराज सिंह कानि. 159 से उक्त वार्ता को कार्यालय के लेपटोप में लिवाकर लेपटोप का स्पीकर ऑन कर सुनाया गया, उक्त वार्ता में आवाज की पहचान कर परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह ने एक आवाज स्वयं की, दूसरी आवाज आरोपी श्री रामहंस मीणा सहायक अभियंता की तथा अन्य आवाज अपने इंजीनियर श्री चन्द्र प्रकाश की होना पहचान कर बताया। वार्ता को सुन कर हूबहू लेपटोप पर श्री बृजराज सिंह कानि. 159 से टाईप करवा कर नियामानुसार फर्द ट्रांसक्रिप्ट वक्त रिश्वत लेनदेन वार्ता तैयार करवाई जाकर शामिल पत्रावली की गई। समय 11:00 ए.एम.पर परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह एवं आरोपी श्री रामहंस मीणा सहायक अभियंता के मध्य दिनांक 10.08.2023, 11.08.2023 एवं दिनांक 18.08.2023 को हुई रिश्वत की मांग संबंधित वार्ताओं तथा दिनांक 18.08.2023 को वक्त रिश्वत लेनदेन हुई वार्ता को डिजिटल वाईस रिकॉर्डर मय मैमोरी कार्ड से लेपटॉप में सेव करवाया जाकर मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा श्री बृजराज सिंह कानि0 159 से जरिये लेपटॉप चार पेनड्राईब PENDANT 16GB USB 2.0 Flash Drive मे पेस्ट कर डब करवाये गये, जिसमें एक पेनड्राईव आरोपी श्री रामहंस मीणा सहायक अभियंता के लिये, एक पेनड्राईव नमूना आवाज/निरंतरता की जांच हेतु एफएसएल के लिये तथा एक पेनड्राइव माननीय न्यायालय हेतु कपड़े की थेली में अलग–अलग रखकर एवं डिजीटल वॉइस रिकॉर्डर में लगे मैमोरी कार्ड Sandisk Ultra-32 GB को कवर सहित कपडे की थैली में रखकर शील्डचीट कर थैली पर संबंधितो के हस्ताक्षर करवाये गये। एक पेनड्राईव अनुसंधान अधिकारी के लिये खुला रखा गया। उक्त कार्यवाही की फर्द डबिंग एवं जप्ती पेनड्राईव नियामानुसार तैयार करवाई जाकर शामिल पत्रावली की गयी। समय 11.45 ए.एम सम्पूर्ण ट्रेप कार्यवाही के बाद, जप्तशुदा आर्टीकल्स रिश्वत राशि 1,50,000/–रूपये मय लिफाफे, सील्डशुदा 08 धोवन की शीशीयां, सील्डशुदा पेन्ट का पेकिट, सील्डशुदा डब तीन पेनड्राईव, सील्डशुदा मूल मैमोरी कार्ड एवं नगर निगम कोटा की पेड डायरी मालखाना प्रभारी श्री बृजराज सिंह कानि 159 को सुपूर्द कर जमा मालखाना करवाया गया। समय 03.55 पी.एम पर मन् पुलिस निरीक्षक मय परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह मय स्वतंत्र गवाह श्री सुलेन्द्र कुमार वन रक्षक एवं श्री कमलचन्द वन रक्षक के घटनास्थल का नजरी नक्शा मौका तैयार करने हेतु रवाना होकर घटना स्थल शक्ति नगर कोटा पंहुचा, जहां परिवादी एवं स्वतत्रं गवाहान के समक्ष घटनास्थल का नक्शा मौका नियमानुसार तैयार किया जाकर शामिल पत्रावली किया गया। बाद नक्शा मौका कशीद कर मन् पुलिस निरीक्षक मय परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह मय स्वतंत्र गवाह श्री सुलेन्द्र वन रक्षक एवं श्री कमलचन्द वन रक्षक के तैयार कर समय 05.20 पी.एम. पर कार्यालय हाजा उपस्थित आया। सम्पर्ण ट्रेप कार्यवाही के बाद परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह एवं दोनों स्वतंत्र गवाहान को कार्यालय हाजा से रूखसत किया गया।

सम्पूर्ण कार्यवाही व हालात से पाया गया कि दिनांक 10.08.2023 को परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह ने ब्यूरो कार्यालय कोटा पर स्वंय उपस्थित होकर एक हस्तलिखित प्रार्थना पत्र पेश कर बताया कि नगर निगम कोटा राजस्थान द्वारा निकाली गई विज्ञप्ति एवं जारी कार्यादेश की प्रक्रिया अनुसार कोटा शहर के स्टेशन क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सीवरेज मैन हाल को जीपीआर मैथड से काम करने का ठेका हमारी फर्म इन्टेलीटेस्ट सोल्यूशन्स प्राईवेट लिमिटेड को मिला था। उक्त कार्य हमारी फर्म द्वारा माह अक्टूबर वर्ष 2020 में ही पूरा कर दिया गया था। उक्त कार्य के बिल का भुगतान करने के लिये नगर निगम कोटा का अधिकारी श्री रामहंस मीणा सहायक अभियंता मुझसे चार लाख रूपये की रिश्वत मांग रहा है। मेरे जायज काम काम के बदले में रिश्वत नहीं देना चाहता हूं बल्कि श्री रामहंस मीणा सहायक अभियंता को रिश्वत लेते हुये रंगे हाथ पकडवाना चाहता हूं। परिवादी श्री कृष्णपाल सिंह द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र व मजमून दरियाफ्त से मामला भ्रष्टाचार निबारण अधिनियम की परिधि में आना पाया जाने एवं रिश्वत मांग का सत्यापन

करवाया जाना आवश्यक होने से दिनांक 10.08.2023,दिनांक 11.08.2023 एवं दिनांक 18.08.2023 को रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया गया तो आरोपी ने परिवादी के काम के संबंध में वार्ता कर पेडिंग बिल पास करने संबंधी समस्त कार्य करवाने की एवज में कनिष्ठ अभियंता, अधीशाषी अभियता एवं अपने लिये 2,00,000/–रूपये एवं एकाउण्ट एवं आयुक्त के लिये 50,000/–रूपये की मांग की गई । दिनांक 18.08.2023 को रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन के दौरान आरोपी रामहंस मीणा सहायक अभियंता द्वारा 1,50,000/–रूपये आज देने तथा 1,00,000/–रूपये बाद देने पर सहमत हुआ। दौराने ट्रेप कार्यवाही आरोपी रामहंस मीणा द्वारा दिनांक 18.08.2023 को मांगी गई रिश्वत राशि 1,50,000/–रूपये के अनुसरण में परिवादी की गाडी में बैठ कर परिवादी से रिश्वत राशि ग्रहण करना, रिश्वत राशि 1,50,000/–रूपये आरोपी रामहंस मीणा सहायक अभियंता नगर निगम कोटा की पहनी हुई पेन्ट की जेबों से बरामद होना, आरोपी के हाथों एवं पेन्ट की जेबों का रगं हल्का गुलाबी/गुलाबी आना, आरोपी द्वारा अपनी आवाज का नमूना देने से इंकार करना, फर्द ट्रांसक्रिप्ट रिश्वत मांग सत्यापन वार्ताएं एवं रिश्वत लेन देन वार्ता से आरोपी रामहंस मीणा सहायक अभियंता का उक्त कृत्य जुर्म धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) के अन्तर्गत अपराध प्रमाणित पाया गया है।

अतः आरोपी श्री रामहंस मीणा पुत्र श्री बृजमोहन जाति मीणा उम्र 35 साल निवासी– ग्राम पहाडी, थाना बालघाट, तहसील– टोडाभीम, जिला करौली, हाल सहायक अभियंता (निर्माण), कार्यालय, आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर के विरूद्ध जुर्म अंतर्गत धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) में बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट तैयार की जाकर वास्ते क्रमांकन हेतु श्रीमान महानिदेशक सी0पी0एस0 भ्रनिब्यूरो जयपुर को सादर प्रेषित है।

(ताराचन्द)
पुलिस निरीक्षक
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा

कार्यवाही पुलिस

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त टाईप शुदा बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्री ताराचन्द, पुलिस निरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, कोटा ने प्रेषित की है। मजमून रिपोर्ट से अपराध अन्तर्गत धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) में आरोपी श्री रामहंस मीणा पुत्र श्री बृजमोहन हाल सहायक अंभियता(निर्माण), कार्यालय आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर के विरूद्ध घटित होना पाया जाता है। अतः अपराध संख्या 224/2023 उपरोक्त धाराओं में दर्ज कर प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियाँ नियमानुसार कता कर तफ्तीश जारी है।

20/8/23

(कालूराम रावत)
उप महानिरीक्षक पुलिस,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,जयपुर।

क्रमांक 2603-06 दिनांक 20.08.2023

प्रतिलिपिः-सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. विशिष्ठ न्यायाधीश एवं सैशन न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, कोटा।
2. निदेशक,निदेशालय स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, कोटा।
4. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, कोटा।

20/8/23

उप महानिरीक्षक पुलिस,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,जयपुर।